सप्र.संख्या/06/व्यमासे/विशेषज्ञ

**सहमति पत्र का प्रारूप**

['प्रयास' के विभिन्न कोटि के उपभोक्ताओं जिनमे लघु औद्योगिक/व्यावसायिक/अन्य ईकाईयों के मालिक या उद्यमी भी शामिल हैं, को उनकी आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत मार्गदर्शक सेवा प्रदान करने के इच्छुक विशेषज्ञों के लिये लागू सहमति पत्र का प्रारूप]

'प्रयास व्यक्तित्व विकास सेवा प्रा. लि. एच -19 चतुर्थ चरण राप्ती नगर, गोरखपुर (इसके बाद इसे मात्र 'प्रयास' इंगित किया गया है) और श्री ------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------(इनसे बाद इन्हें मात्र 'विशेषज्ञ' इंगित किया गया है) के बीच 'प्रयास' के उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकनुसार व्यक्तिगत मार्गदर्शन सेवा प्रदान करने के लिए दिनांक -------माह -------वर्ष-------- को हस्ताक्षरित सहमति पत्र

इस सहमति के उभय पक्षों की जिम्मेदारियां एवं कर्तब्य निम्न हैं।

अ: 'विशेषज्ञ' के कर्तब्य एवं जिम्मेदारियां

'विशेषज्ञ' स्वेच्छा एवं विना किसी प्रकार के दबाव से 'प्रयास' के उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत मार्गदर्शन सेवा प्रदान करने से संबंधित निम्न शर्तों से सहमत है।

1. यदि वह 'प्रयास' के उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत मार्गदर्शन सेवा देने का इच्छुक है तो वह 'प्रयास' को अपनी विशेषज्ञता का पूर्ण विवरण जिसमें वें क्षेत्र जिनमें वह व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करने की क्षमता रखता/रखती है 'प्रयास' को इमेल दवारा प्रेषित करेगा/करेगी और अपनी इच्छा इंगित करेगा/करेगी।
2. 'प्रयास' से सहमति का ईमेल मिलने पर वह मात्र एक बार का 100 (एक सौ) रुपये मात्र डिजिटल माध्यम से उपलब्ध पेमेंट लिंक द्वारा जमा करके स्वयं को 'प्रयास' के साथ पंजीकृत करायेगा/करायेगी।
3. 'प्रयास उसकी विशेषज्ञता के अनुसार किसी उपभोक्ता का पूर्ण विवरण एवं उसके द्वारा इंगित समस्या आदि का विवरण ईमेल द्वारा उपलब्ध कराएगा।
4. वह पहले संबंधित उपभोक्ता के बारे में 'प्रयास' द्वारा प्रेषित सूचना पर विचार करेगा/करेगी और उसके बाद AAVSHYAKTAAISAAR आवश्यकतानुसार उपभोक्ता से अतिरिक्त सूचना प्राप्त करके उसपर विचार करके आगे की कार्यवाही करेगा/करेगी।.
5. वह अपने अपनी और उपभोक्ता की सुविधानुसार मार्गदर्शन के विभिन्न सत्र एवं अवधि निश्चित करेगा/करेगी।
6. वह उपभोक्ता द्वारा लिखित दस्तावेजों के जमा करने पर जोर नहीं देगा/देगी और व्हात्सप्प या ईमेल द्वारा प्राप्त प्रपत्रों एवं सूचनाओं को पर्याप्त मानेगा/मानेगी और उन्ही के आधार ही मार्गदर्शन देगा/देगी।
7. वह प्रति उपभोक्ता की भुगतान क्षमता को ध्यान में रखकर प्रति सत्र या मासिक या वार्षिक मार्गदर्शन शुल्क इंगित करेगा लेकिन उससे विचार-विमर्श के बाद 'प्रयास' द्वारा प्रस्तावित शुल्क स्वीकार करेगा।

8. वह इस बात से सहमत हैं कि इस सेवा के एवज में आपसी विचार-विमर्श से निश्चित मार्गदर्शन शुल्क का 90 (नौबे) प्रतिशत उसे डिजिटल माध्यम से संबंधित उपभोक्ता से 'प्रयास' को प्राप्ति के 10 दिन के अंदर लागू टैक्स आदि काटकर प्राप्त होगा।
9. डिजिटल भुगतान हेतु वह अपने बैंक खाते का पूर्ण विवरण 'प्रयास' को उपलब्ध करायेगा/करायेगी।
10. वह उपभोक्ता की सहमति से निश्चित कार्यक्रम के अनुसार उसके साथ डिजिटल माध्यम से विडियो मीटिंग करेगा/करेगी और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेगा/करेगी।
11. वह इस सेवा के सन्दर्भ में किसी भी उपभोक्ता एवं उसके व्यापार या उद्योग से संबंधित सभी प्राप्त सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखेगा और किसी भी परिस्थिति में उसके किसी प्रतिद्वन्दी या उसके किसी कर्मचारी या किसी अन्य संबंद्ध व्यक्ति को उपलब्ध नहीं कराएगा और उक्त मार्गदर्शन कार्य की समाप्ति पर उसे वह अपने मोबाइल फ़ोन तथा कंप्यूटर से पूरी ततह मिटा देगा/देगी।
12. वह अपने पंजीकरण अवधि में वें सारी सुविधाएं रखेगा/रखेगी जो डिजिटल माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करे के लिए आवश्यक हैं।
13. विभिन्न सुझावों से संबंधित ईमेल उपभोक्ता को समय समय पर प्रेषित की जागेगी और उनकी एक प्रति 'प्रयास' को भी प्रेषित की जायेगी।
14. यदि उपभोक्ता चाहे तो 'प्रयास' के साथ विचार-विमर्श से निर्धारित शर्तों पर वह उसे अपना कार्य को मूर्त रूप देने में उसकी हैण्ड-होल्डिंग यानि व्यावहारिक सहायता करेगा/करेगी।.
15. किसी भी स्थिति में वह उपभोक्ता से मार्गदर्शन शुल्क का स्वयं को सीधे भुगतान करने को नहीं कहेगा/कहेगी। उपभोक्ता 'प्रयास' को आपसी विचार-विमर्श से निर्धारित शर्तों के अनुसार भुगतान करेगा और 'प्रयास' भुगतान प्राप्ति के 10 दिन के अंदर डिजिटल माध्यम से उसका 90 (नब्बे) प्रतिशत भुगतान 'विशेषज्ञ' को लागू करों की कटौती करके करेगा।
16. वह अपना आधार एवं पैन कार्ड की प्रतिलिपि कर आदि हेतु 'प्रयास' को जमा करेगा/करेगी।
17. अपने पास उपलब्ध मामलों के निस्तारण के बाद वह कभी भी इस अनुबंध से अपने को अलग कर सकता/सकती है।

ब : 'प्रयास' के कर्तब्य एवं जिम्मेदारियां

'प्रयास' अपने उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत मार्गदर्शन सेवा प्रदान करवाने हेतु 'विशेषज्ञ' की सहायता प्राप्त करने के लिए निम्न शर्तों के अनुसार अपने कर्तब्य एवं जिम्मेदारियां निभाने के लिए स्वेच्छा एवं बिना दबाव के लिए तैयार है।

1. 'प्रयास' संबंधित उपभोक्ता से व्यक्तिगत मार्गदर्शन सेवा हेतु आवश्यक पंजीकरण शुल्क प्राप्त होने के बाद उस उपभोक्ता का पंजीकरण करेगा.।
2. उसका पंजीकरण हो जाने के बाद 'प्रयास' डिजिटल माध्यम से संबंधित उपभोक्ता से प्रारंभिक वार्तालाप करके उसकी वर्तमान समस्या एवं उसके सम्यक समाधान हेतु व्यक्तिगत मार्गदर्शन, उसकी संभावित अवधि, सत्रों की संख्या आदि की आवश्यकता को चिन्हित करेगा और उपभोक्ता की वास्तविक भुगतान का भी आंकलन करेगा।
3. आवश्यक जानकारी प्राप्त करके 'प्रयास' अपने पेनल पर उपलब्ध उस विशेषज्ञ से संपर्क करेगा जिसके पास इस सेवा को प्रदान करने की विशेषग्यता एवं दक्षता उपलब्ध है और उपभोक्ता द्वारा संभावित भुगतान आदि से बारे में बताकर उसके बारे में उसकी सहमति प्राप्त करेगा।
4. यदि कोई विशेषज्ञ किसी कारणवश तैयार नहीं होता है तो 'प्रयास' अपने पेनल पर उपलब्ध उचित दक्षता वाले अन्य विशेषज्ञों के संपर्क करके किसी एक को चुनेगा और उपभोक्ता से आवश्यक शुल्क प्राप्त होने के बाद उसे उस विशेषक्ष का विवरण उपलब्ध करायेगा। .
5. चयनित विशेषज्ञ स्वयं को आवंटित उपभोक्ता से संपर्क करके आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सूचनाएं प्राप्त करेगा और बैठकों की संख्या, समय एवं अवधि आदि उपभोक्ता की सहमति से निश्चित करेगा।

6. उपभोक्ता से प्राप्त शुल्क का 90 (नब्बे) प्रतिशत उसकी प्राप्ति के 10 (दस) दिन के अंदर आवश्यक कर आदि काटकर 'विशेषज्ञ' के बैंक खाते में डिजिटल माध्यम से स्थान्तरित कर देगा और काटे गए कर की जानकारी विशेषज्ञ को उपलब्ध करायेगा।

7. विशेषज्ञ के सारे भुगतान करने के बाद उसकी सहमति से 'प्रयास' कभी भी इस समझौते से अलग हो सकता है।

टिप्पणी: उक्त शर्ते आपसी सहमति से बदली जा सकतीं हैं।

| | |
|---|---|
| विशेषज्ञ का हस्ताक्षर<br>नाम एवं पूरा पता (दस्तावेजी साक्ष्य के साथ) | प्रयास व्यक्तित्व विकास सेवा प्रा. लि. द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर<br>नाम एवं पूरा पता (दस्तावेजी साक्ष्य के साथ) |
| गवाह का हस्ताक्षर<br>नाम एवं पूरा पता (दस्तावेजी साक्ष्य के साथ) | गवाह का हस्ताक्षर<br>नाम एवं पूरा पता (दस्तावेजी साक्ष्य के साथ) |